दौसा में पंच दिवसीय दीपोत्सव का आगाज, बाजार सजधज कर तैयार

दौसा (निसं.)। पंच दिवसीय दीपोत्सव का शुक्रवार को आगाज हो गया है, शनिवार को भी धनतेरस होने के कारण बाजार में जमकर रौकन रही तथा खरीदारों की रेलमपेल मची रही, काफी वर्षो बाद बम्बर खरीदारी हुई, जिसके चलते व्यापारियों एवं दूकानदारों के चेहरे खिल उठे है। वही दूसरी ओर मानसून में हुई अच्छी बरसात के चलते इस बार किसानों ने भी खुब खरीदारी की। इधर सोने व चांदी के भाव ऊंचे होने के बावजूद लोगो ने जमकर खरीदारी की।

उल्लेखनीय है कि पंच दिवसीय दीपोत्सव का शुक्रवार से आगाज हो गया है, पटाखे, मिठाई सहित अन्य दूकाने सजने लगी है, बाजार में खरीदारों की भी जमकर भीड उमड रही है। इधर शनिवार को भी आधे दिन धनतेरस होने के कारण लोगों ने जमकर खरीदारी की। इस बार मानसून अच्छा रहने के कारण इसका असर बाजार पर भी पड़ा है, अन्य वर्षो की तुलना में इस वर्ष किसानों एवं ग्रामीणों ने भी खुब खरीदारी की। शनिवार को धनतेरस होने के कारण बाजार में काफी रौनक रही, लोगो ने शुभ मुहुर्त में वाहन, सोने-चांदी के आभूषण, बर्तन सहित अन्य सामानो की खरीदारी की। धनतेरस में पूरे दिन शुभ मुहुर्त होने के कारण बाजारो में खरीदारो की जमकर भीड रही। इधर पटाखों की दूकाने भी सज गई है, छोटे दूकानदारो ने पटाखे, मिठाई, सजावटी सामठाी, फूल-मालायें, पूजन सामठाी की दूकाने सजा ली है। पिछले कुछ वर्षो से मानसून की बेरुखी के कारण शहर के सभी त्यौहार पूरी तरह से पिटे हुये थे। बाजारो में भीड तो जुटती थी, लेकिन खरीदारी कम ही होती थी। इस बार दौसा पर इन्द्रदेव पूरी तरह से मेहरबान रहे, जिसके चलते किसानों में भी बम्पर फैसल पैदा होने की उम्मीद जगी है, जिसके चलते ग्रामीण एवं किसान शहर में खरीदारी के लिए पहुंच गये है, जिसके चलते व्यापारियों एवं दूकानदारों के चेहरे खिले हुये है।



धनतेरस पर ज्वैलरी सहित अन्य आईटमों की दुकानों पर भीड़ रहीं।

- **इस बार मानसून अच्छा रहने के कारण इसका असर बाजार पर भी पड़ा है, अन्य वर्षो की तुलना में इस वर्ष किसानों एवं ग्रामीणों ने भी खुब खरीदारी की**

आयुर्वेद दिवस पर भगवान धन्वतरि जयंती मनाई

कोटपूतली। राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर क्षेत्र में भगवान धन्वन्तरि जयंती पारंपरिक श्रद्धा, हर्षोलास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर यहां के राजकीय बी.डी.एम. जिला चिकित्सालय तथा जिला आयुष कार्यालय द्वारा विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें आयुर्वेद चिकित्सा पद्धित की महत्ता को रेखांकित करने के साथ ही जन स्वास्थ्य के संरक्षण की कामना की गई। बी.डी.एम. चिकित्सालय में कार्यक्रम का आयोजन पी.एम.ओ. डॉ. पुष्कर गुर्जर की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. गुर्जर ने भगवान धन्वन्तरि के चित्र पर माल्यार्पण कर व द्वीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर डॉ. पुष्कर गुर्जर ने वर्तमान समय में आयुर्वेद विज्ञान की उपादेयता और प्रासंगिकता को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। आयुर्वेद चिकित्सा प्रभारी डॉ. सुधा शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशेष रूप से स्त्री रोगों में आयुर्वेद चिकित्सा के विशिष्ठ और सकारात्मक प्रभावों को इंगित किया। उन्होंने जीर्ण रोगों (पुरानी व जटिल बीमारियों) के उपचार में आयुर्वेद के अपने उपयोगी अनुभवों को भी उपस्थित जनों के साथ साझा किया।

सार-समाचार

धन्वंतरि जयंती पर विधि विधान से की पूजा की



निवाई। श्री महावीर जैन औषधालय में आयुर्वेद चिकित्सा के जनक भगवान धनवंतरी जयन्ती श्रद्धा पूर्वक मनाकर पूजा अर्चना की। मीडिया संयोजक विमल जौंला एवं राकेश संघी ने बताया कि धन्वंतरि जयंती पर जैन समाज के अध्यक्ष नेमीचंद गंगवाल, मंत्री महावीर प्रसाद पराणा, धर्मचंद चंवरिया, त्रिलोक सिरस, प्रवक्ता विमल जौंला, महेंद्र संघी, वैध हनुमानसहाय राहोली, कम्पाउन्डर यशवन्त पारीक व नीतू राजवंशी सहित कई लोगों ने दीप प्रज्वलित कर भगवान धनवंतरी की पूजा अर्चना की। इसके पश्चात सभी अतिथियों के तिलक एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान मंत्री महावीर प्रसाद पराणा ने आयुर्वेद चिकित्सा पद्धित का अवलोकन कर सभी को आयुर्वेद चिकित्सा पद्धित का महत्व बताया एवं सभी को स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा स्वस्थ जीवन, शैली, खान-पान एवं दिनचर्या से शरीर को स्वस्थ रखने की पद्धित है। इस अवसर पर जैन औषधालय प्रभारी हनुमान सहाय राहोली के सानिध्य में भगवान धनवंतरी के चित्र पर तिलक लगाकर आरती की गई

शोक संवेदना पत्र प्रेषित

टोंक। पुलिस परिवार के मुखिया महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा की ओर से दिवंगत पुलिस कांस्टेबल के परिजनों को शोक संवेदना प्रेषित की गई। इस क्रम में टोंक पुलिस में कार्यरत रहे कांस्टेबल स्व. खुशी राम पुत्र रणजीत सिंह, निवासी संवारिया की असामयिक मृत्यु पर परिवारजनो को शोक संवेदना पत्र प्रेषित किया गया। उक्त शोक संवेदना पत्र अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मालपुरा, पुष्पेन्द्र सिंह सोलंकी ने दिवंगत कांस्टेबल खुशी राम के निवास पर पहुंचकर उनके पिता रणजीत सिंह को सौंपा तथा राजस्थान पुलिस महानिदेशक की ओर से गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिजनों को इस अपार दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।राजस्थान पुलिस दु:ख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवार के साथ है।

सांभर मे भोलेनाथ की अनुपम झांकी ने लोगों को रिझाया

सांभरझील, (निसं)। सांभर के सभी प्रमुख बाजारों में आज दिनभर खरीददारी का दौर रहा। दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठान सजाए। बाजार सजावट रोशनी से सरोबार रहा। मिष्ठान खरीदने वालों की तादाद अधिक रही। बताया गया कि बर्तनों के खरीदारी करने के लिए भी लोग पीछे नहीं रहे। मौसी की पूजा अर्चना करने के लिए लोगों ने लक्ष्मी जी के पाने, पूजा सामग्री और गन्ना खरीदा। किराणा की दुकान पर भी आसपास के गांव के लोगों ने जमकर खरीदारी की। रेडीमेड गारमेंट्स की दुकानों पर अपने मनपसंद की ड्रेस खरीदने वालों की अच्छी खासी तादाद रही। गोला बाजार और सिंधी बाजार के अलावा न्यू मार्केट की तरफ खरीददारी करने के लिए दुकानों पर भी लोग उमड़े। सांभर की नेहरू पार्क पर भगवान भोलेनाथ की सजाई गई अनुपम झांकी ने लोगों को काफी आकर्षित किया। नया बस स्टैंड से लेकर पुरानी धान मंडी तक सफाई व्यवस्था और सजावट के लिए उठाए गए कदम को बड़े दिल से तारीफे काबिल बताया।

सैंकड़ों परिवारों को बांटी राहत सामग्री

निवाई। आशाराम गौशाला समिति के तत्वावधान में दीपावली भंडारा एवं सेवा अभियान के तहत दीपावली पर्व पर दूसरे व तीसरे दिन भी असहाय परिवारों को आवश्यक सामग्री वितरण का कार्य जारी रहा। इस चरण में गांव नोहटा की ढाणी, लालवाड़ी व गौशाला क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों के 100 से अधिक जरूरतमंद परिवारों के 400 से ज्यादा सदस्यों को उपयोगी सामग्री वितरित कर उनके बीच दीपावली की खुशियां बांटी गईं। सर्दियों के आगमन को देखते हुए उन्हे कम्बल, गर्म कोटि, पेंट-शर्ट व नए वस्त्र भेंट किए गए। इसके साथ ही परिवारों के लिए दैनिक जीवन में काम आने वाली आवश्यक घरेलू वस्तुएं, पर्व की मिठास के रूप में ताजे खजूर व मिठाइयां भी प्रदान की गईं।

ब्यूटी पॉर्लर्स पर लगी रही महिलाओं की भीड़

निवाई। दीपावली के एक दिन पूर्व शनिवार को रूप चतुर्दशी एवं छोटी दीपावली का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। रूप चतुर्दशी पर महिलाएं अपना रूप संवारने में जुटी रही वहीं पुरूष ब्यूटी पॉर्लर्स पर भी पुरूषों ने अपना रूप निखरवाया। इस दौरान शहर के सभी ब्यूटी पॉर्लर्स पर महिलाओं व पुरूषों की भीड़ लगी रही। जिनको अपनी बारी के लिए घंटों इन्तजार करना पड़ा।

खाद्यान्न परिवहन में गंभीर अनियमितता, फर्म के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

फर्म का अनुबंध निरस्त करने, लगभग 8.99 लाख रुपये की वसूली एवं 3 वर्ष के लिए डिबार-ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया प्रारंभ'

भरतपुर (निसं)। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना (एनएफएसए) के तहत खाद्यान्न परिवहन में गंभीर अनियमितता, खाद्यान्न खुर्द-बुर्द करने एवं गबन के मामले में जिला रसद प्रशासन द्वारा अधिकृत परिवहनकर्ता फर्म मैसर्स बजरंग ट्रेडिंग कंपनी, कोटा तथा इसके प्रोपराइटर महावीर प्रसाद शर्मा के विरुद्ध पुलिस थाना उद्योग नगर, भरतपुर में एफआईआर दर्ज करवाई गई है।

जिला रसद अधिकारी भरतपुर प्रथम कुशाल बिलाला ने बताया कि उक्त फर्म भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) डिपो से खाद्यान्न उठाव कर जिले की उचित मूल्य दुकानों तक पहुंचाने के लिए अधिकृत थी। दिनांक 3 नवम्बर, 2026 से फर्म के कार्यकर्ताओं एवं प्रोपराइटर के भूमिगत होने तथा उनसे संपर्क नहीं हो पाने के कारण खाद्यान्न आपूर्ति में अनियमितता की आशंका उत्पन्न हुई। माह नवम्बर के खाद्यान्न उठाव के लिए फर्म द्वारा कोई वाहन भी उपलब्ध नहीं करवाया गया। विभागीय पोर्टल एवं प्राप्त सूचनाओं के आधार पर जिला प्रशासन द्वारा क्षेत्रीय प्रवर्तन दल के माध्यम से स्थलीय जांच, ऑनलाइन पोर्टल मिलान तथा 41 उचित मूल्य दुकानों का भौतिक एवं दस्तावेजी सत्यापन करवाया गया। प्रवर्तन अधिकारी गजेंद्र बाबू शर्मा, प्रदीप कुमार शर्मा, साक्षी कस्वां एवं प्रवर्तन निरीक्षक सुशील कुमार द्वारा की गई जांच तथा राशन डीलरों के बयानों में 41 राशन दुकानों पर कुल 275.64 क्विंटल गेहूं की वास्तविक आपूर्ति नहीं होना सामने आया। जांच के दौरान फर्म का त्योंगा, मथुरा रोड स्थित स्थानीय कार्यालय भी बंद पाया गया तथा फर्म प्रतिनिधियों द्वारा खाद्यान्न प्राप्ति रसीद एवं चालान उपलब्ध नहीं करवाए गए। विभागीय नियमों एवं सप्लाई चौन मैनेजमेंट (एससीएम) के प्रावधानों के अनुसार एफसीआई डिपो से उठाए गए खाद्यान्न को 48 घंटे के भीतर संबंधित उचित मूल्य दुकानों तक पहुंचाना अनिवार्य था। आवश्यक वस्तु अधिनियम एवं भारतीय न्याय संहिता के तहत एफआईआर दर्ज' अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन पाए जाने पर जिला रसद प्रशासन के निर्देशानुसार प्रवर्तन अधिकारी श्री गजेंद्र बाबू शर्मा द्वारा पुलिस थाना उद्योग नगर, भरतपुर में फर्म प्रोपराइटर महावीर प्रसाद शर्मा एवं अन्य सहयोगियों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 एवं 7 तथा भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 316(5) एवं 318(4) के तहत एफआईआर संख्या 0154/2026 दर्ज करवाई गई है।

जिला रसद प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए फर्म का वर्तमान अनुबंध निरस्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है तथा आगामी कार्यों पर रोक लगाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। एफसीआई डिपो से उठाए गए खाद्यान्न के गबन के संबंध में लगभग 8.99 लाख रुपये की सरकारी आर्थिक लागत की वसूली हेतु विधिक कार्रवाई की जा रही है। इसके अतिरिक्त फर्म के लगभग 20 लाख रुपये के लंबित भुगतान बिलों पर भी रोक लगा दी गई है। फर्म एवं इसके प्रोपराइटर को राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता (आरटीपीपी) अधिनियम, 2012 की धारा 46 एवं आरटीपीपी नियम, 2013 के प्रावधानों के तहत आगामी 3 वर्षों के लिए डिबार एवं ब्लैकलिस्ट करने की विधिक प्रक्रिया संबंधित सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रारंभ कर दी गई है । इस कार्रवाई के तहत फर्म की परफॉर्मेंस बैंक गारंटी एवं अतिरिक्त सुरक्षा राशि के रूप में कुल 1 करोड़ 14 लाख रुपये की राशि फ्रीज की गई है। आरटीपीपी नियमों एवं बिड डॉक्यूमेंट की शर्तों के अधीन उक्त राशि को जब्त/राजसात करने की कार्रवाई भी संबंधित प्राधिकारी द्वारा प्रारंभ की जाएगी।

- **1.14 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी व सुरक्षा राशि फ्रीज, लगभग 20 लाख रुपये के लंबित भुगतान पर रोक**

सरपंच हेमा गमेती, उपसरपंच कुसुम रेबारी ने पदभार संभाला

उदयपुर। पंचायत समिति कुराबड क्षेत्र की ग्राम पंचायत भेसडाखुर्द के लिए एक ऐतिहासिक दिन रहा। पंचायत की सरपंच-उपसरपंच की टीम बन गई है। पंचायती राज चुनाव 2026 के बाद नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का पदभार ठाहण समारोह धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। समारोह में पंचायत के सरपंच हेमा जी गमेती व उपसरपंच कुसुम रेबारी ने विधिवत रूप से पदभार ठाहण किया। इसके साथ ही पंचायत के वार्डपंच दिनेश डांगी,ओम प्रकाश नागदा, पवन गमेती, कन्हैया लाल गमेती, रेखा गमेती, सीता डांगी ने भी पदभार ग्रहण किया। पंचायत की नई टीम बनने पर पूरे गांव में खुशी का माहौल रहा। ठाामवासियों ने सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया और ढोल-नगाड़ों के साथ बधाई दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मावली विधायक कांग्रेस पुष्कर लाल जी डांगी, आला की ढाणी सरपंच सुरेश जी गमेती, उपसरपंच दिनेश रेबारी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित उपसरपंच कुसुम रेबारी ने कहा कि पंचायत की नई टीम होने के नाते हम पर बड़ी जिम्मेदारी है। चुनाव के दौरान ठाामवासियों से जो वादे किए थे, उन्हें हर हाल में पूरा किया जाएगा। गांव की सड़कों की मरम्मत, पेयजल व्यवस्था में सुधार, स्वच्छता, शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना तथा हर पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी।

एटक यूनियन ने दी राजस्थान में चक्का जाम की चेतावनी

- **भरतपुर डिपो के ड्राइवर को पीटने वाले इंस्पेक्टर पर कार्रवाई की मांग, जयपुर की है घटनां**

भरतपुर (निसं)। भरतपुर डिपो के ड्राइवर से जयपुर के ट्रैफिक पुलिस इंस्पेक्टर द्वारा मारपीट के बाद भरतपुर डिपो के कर्मचारियों में काफी रोष है। एटक यूनियन के पदाधिकारियों ने साफ़ तौर पर चेतावनी दी है कि अगर ट्रैफिक पुलिस इंस्पेक्टर के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होती तो, पूरे राजस्थान में चक्का जाम किया जाएगा।

राजस्थान स्टेट रोडवेज एम्प्लॉई यूनियन के अध्यक्ष सत्यवीर डागुर ने बताया कि वह भरतपुर डिपो में ड्राइवर के पद पर तैनात हैं। कल शाम वह भरतपुर से जयपुर बस में सवारियां लेकर गए थे। जयपुर पहुंचने के बाद उन्होंने सिंधी कैंप बस स्टेंड पर नाइट स्टे किया। सुबह देखा तो, बस के ड्राइवर की तरफ का टायर पंचर था।

जिसके बाद सत्यवीर डागुर टायर में पंचर लगवाने के लिए वैशाली नगर डिपो जा रहे थे। तभी सिंधी कैंप बस स्टैंड पर बस को अचानक एक ट्रैफिक इंस्पेक्टर ने रोक लिया और, बस में सवारियां चढ़ाने लगे। तब सत्यवीर डागुर ने ट्रैफिक इंस्पेक्टर को बस में सवारियां चढ़ाने से रोका तो, ट्रैफिक इंस्पेक्टर ने बस के शीशे पर हाथ मारा। जैसे ही सत्यवीर डागुर ने गेट खोला तो, ट्रैफिक इंस्पेक्टर बस पर चढ़ गया और, सत्यवीर डागुर से मारपीट करना शुरू कर दिया। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने इसका वीडियो बना लिया। वीडियो में साफ़ दिखाई दे रहा है कि ट्रैफिक इंस्पेक्टर सत्यवीर डागुर के घूंसा मार रहा है। सत्यवीर डागुर का आरोप है कि लोगों ने ट्रैफिक इंस्पेक्टर को रोकने की काफी कोशिश की लेकिन, वह नहीं रुके। ट्रैफिक इंस्पेक्टर सत्यवीर डागुर को ऑफिस में ले गए और, कमरा नंबर 14 में ले जाकर उनके साथ मारपीट की, तभी वहां बस का कंडक्टर हेम सिंह गुर्जर भी आ गया। ट्रैफिक इंस्पेक्टर ने कंडक्टर के साथ भी धक्का मुक्की की। सत्यवीर डागुर ने कहा कि कमरे में ट्रैफिक इंस्पेक्टर ने अपने छूकर माफ़ी मंगवाई तब जाकर उन्हें वहां से छोड़ा गया। अब सत्यवीर डागुर का कहना है कि वह ट्रैफिक इंस्पेक्टर की एफआईआर भरतपुर के अटल बंद थाने में दर्ज करवाएंगे। घटना को लेकर राजस्थान स्टेट रोडवेज एम्प्लॉई यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह सोलंकी ने नाराजगी जताई। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद यूनियन की ओर से मुख्य प्रबंधक को ज्ञापन दिया गया और मामले से निगम के एमडी को भी अवगत कराया गया। प्रदेश नेतृत्व ने एमडी से मुलाकात की। एमडी ने दीपावली के त्योहार को देखते हुए फिलहाल चक्का जाम नहीं करने की अपील की और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

सोलंकी ने आरोप लगाया कि संबंधित ट्रैफिक इंस्पेक्टर के खिलाफ पहले भी इस तरह की घटनाएं सामने आ चुकी हैं और उसके दस्तावेजों की जांच भी चल रही है।

घनश्याम शर्मा दूसरी बार अध्यक्ष बने

निवाई। शिवाजी कॉलोनी में स्थित टीलेश्वर महादेव मंदिर में प्रेमशंकर शर्मा के सानिध्य में टीलेश्वर महादेव मंदिर कमेटी के चुनाव को लेकर बैठक आयोजित हुई।

जिसमें सर्वसम्मति लगातार दूसरी बार अध्यक्ष पद पर घनश्याम शर्मा को मनोनीत किया गया। इसी प्रकार कार्यकारणी में उपाध्यक्ष के पद पर महावीर सिंह, कोषाध्यक्ष प्रेमशंकर शर्मा एवं महामंत्री के पद पर अखिलेश पारीक को मनोनीत किया गया। इस दौरान नवनियुक्त कार्यकारणी को पद व गोपनियता की शपथ दिलाकर माला व साफा पहनाकर सम्मानित किया गया।

विधायक पटेल ने क्षेत्रवासियों व व्यापारियों के बीच मनाई दीपावली, आत्मीय से की 'रामा-श्यामा'

- **विधायक पटेल कस्बे के बाजारों में पहुंचे तो व्यापारियों व आमजन ने उनका पलक-पावड़े बिछाकर और माला पहनाकर भव्य स्वागत किया।**
- **जनता के असीम स्नेह से अभिभूत होकर विधायक हंसराज पटेल ने कहा कि कोटपूतली केवल मेरा राजनीतिक क्षेत्र नहीं, बल्कि मेरा साक्षात घर है और यहां का प्रत्येक नागरिक अभिन्न हिस्सा हैं।**

कोटपूतली। प्रत्येक वर्ष की अनूठी और गौरवशाली परंपरा को जीवंत रखते हुए विधायक हंसराज पटेल ने इस वर्ष भी दीपोत्सव का पावन पर्व क्षेत्र की जनता व परिवारजनों के बीच बेहद आत्मीयता, अभूतपूर्व उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया। दीपावली के अवसर पर विधायक पटेल ने कस्बे के मुख्य बाजारों में जाकर आमजन, प्रबुद्ध नागरिकों व स्थानीय व्यापारियों से आत्मीय मुलाकात की तथा पारंपरिक 'रामा-श्यामा' कर सभी को पर्व की बधाई दी। इस दौरान जब विधायक पटेल कस्बे के बाजारों में पहुंचे तो व्यापारियों व आमजन ने उनका पलक-पावड़े बिछाकर और माला पहनाकर भव्य स्वागत किया।

जनता के असीम स्नेह से अभिभूत होकर विधायक हंसराज पटेल ने कहा कि कोटपूतली केवल मेरा राजनीतिक क्षेत्र नहीं, बल्कि मेरा साक्षात घर है और यहां का प्रत्येक नागरिक, हर माता-बहन, युवा और व्यापारी मेरे अपने परिवार का अभिन्न हिस्सा हैं। आज कोटपूतली के बाजारों में उमड़ा यह जनसैलाब और आप सभी की आंखों में चमकती यह खुशी इस बात का प्रमाण है कि हमारा आपसी रिश्ता अटूट है। मैं विष्वास दिलाता हूं कि आपके जीवन के हर सुख-दुख में, क्षेत्र के विकास की हर राह पर आपका यह सेवक हमेशा सबसे आगे खड़ा मिलेगा।

हमारी एकता और प्रेम ही इस क्षेत्र की असली ताकत है। पटेल ने परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि ईश्वर से मेरी यही मंगल कामना है कि दीपों का यह अलौकिक उत्सव आप सभी के जीवन में अंधकार को मिटाकर सुख, अटूट शांति, अपार खुशहाली एवं चौमुखी समृद्धि का एक नया प्रकाश लेकर आए।

माता लक्ष्मी जी व भगवान श्री गणेश की कृपा आप पर सदैव बनी रहे। सभी को दीपावली की अनंत और हार्दिक शुभकामनाएं। इस दौरान नगर परिषद सभापति कमल सैनी व उपसभापति गोपाल अग्रवाल भी मौजूद रहें।

मोक्ष कल्याणक पर्व 9 नवंबर को

टोंक। श्री दिगंबर जैन नसियां अमीरगंज में भगवान महावीर स्वामी का मोक्ष कल्याणक पर्व 9 नवंबर, सोमवार को बडे हर्षोल्लास एवं श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समाज के प्रवक्ता पवन कंटान एवं कमल सर्राफ ने बताया कि सोमवार सुबह भगवान महावीर स्वामी के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर श्री दिगंबर जैन नसियां में भगवान का अभिषेक, शांतिधारा एवं अन्य धार्मिक क्रियाएं संपन्न होंगी। इसके बाद श्रद्धालुओं द्वारा भगवान महावीर स्वामी की विधिवत पूजा-अर्चना की जाएगी। पूजा के बाद श्रद्धालु भक्तिभाव के साथ निर्वाण कांड का वाचन कर भगवान के चरणों में निर्वाण लड्डू अर्पित करेंगे। वहीं आज रविवार को नसियां परिसर को दीपकों से सजाया जाएगा तथा भव्य आरती का आयोजन होगा।

दीपोत्सव को लेकर सजाए पारंपरिक मांडणे

निवाई। दीपावली त्यौहार के चलते परम्परानुसार लक्ष्मी जी के स्वागत के लिए महिलाओं ने घरों के मुख्य द्वार सहित घरों के आंगन में, चौखट व दहलीज पर विभिन्न आकृतियों के मांडणे बनाए गए। रतनदेवी, संजू जौंला, उर्मिला सोगानी व निशा जैन ने बताया कि प्रतिवर्ष मांडणे मांडने की परम्परा चली आ रही है, जिसको लेकर परंपरानुसार सुख समृद्धि की माता लक्ष्मी जी का स्वागत हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महिलाओं ने अपनी कलात्मकता से मांडणों को नया आकर्षक रूप देकर मांडणे मांडे है।

त्योहारी सीजन के चलते खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्यवाही

टोंक। त्योहारी सीजन में आमजन को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने तथा मिलावट के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान शुद्ध आहार मिलावट पर वार के तहत जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जिलेभर में सघन निरीक्षण एवं नमूना संग्रह की कार्यवाही की गई। इस अभियान में टीम द्वारा टोडारायसिंह क्षेत्र में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए।

जिसमें छान रोड स्थित श्री जोधपुर मिष्ठान भंडार से मिल्क केक व बीकानेर मिष्ठान भंडार से मावा बर्फी, लक्ष्मी मिष्ठान भंडार से मावा बर्फी एवं मावा तथा विशाल मिष्ठान भंडार से मावा बर्फी का नमूना संग्रहित किया गया। सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा, जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शैलेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि त्योहारी सीजन में आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मिलावटी एवं अवधिपार खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए अभियान निरंतर जारी रहेगा।

धनतेरस पर बाजारों में खरीदारों की भीड़, देर शाम तक गुलजार रहे बाजार

बर्तन, सोने-चांदी के आभूषण और इलेक्ट्रॉनिक सामान की दुकानों पर रही विशेष रौनक, व्यापारियों के चेहरों पर दिखी मुस्कान

पावटा। दीपावली पर्व के आगाज के साथ ही धनतेरस पर कस्बे के बाजारों में खरीदारी को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही शुरू हो गई, जो देर शाम तक जारी रही।

शुभ मुहूर्त में खरीदारी करने की परंपरा के चलते लोगों ने बर्तन, सोने-चांदी के आभूषण, इलेक्ट्रॉनिक सामान, सजावटी वस्तुएं और घरेलू उपयोग की सामग्री की जमकर खरीदारी की। धनतेरस के अवसर पर बर्तनों की दुकानों पर सबसे अधिक भीड़ देखने को मिली। वहीं ज्वेलरी शोरूम, इलेक्ट्रॉनिक दुकानों और दोपहिया वाहन विक्रेताओं के यहां भी ग्राहकों की अच्छी खासी चहल-पहल रही। बाजारों में रंग-बिरंगी सजावट, दुकानों पर सजे आकर्षक सामान और ग्राहकों की भीड़ से त्योहार का उत्साह देखते ही बन रहा था।



पावटा दीपावली पर्व के आगाज के साथ ही धनतेरस पर कस्बे के बाजारों में खरीदारी को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

महिलाओं और युवाओं में खरीदारी को लेकर खासा उत्साह नजर आया। लोगों ने अपनी जरूरत और बजट के अनुसार खरीदारी की। वहीं व्यापारियों ने भी ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया और विशेष व्यवस्थाए की। बाजारों में बढ़ी भीड़ के चलते मुख्य मार्गों और प्रमुख चौराहों पर दिनभर वाहनों की आवाजाही बनी रही। कई स्थानों पर यातायात का दबाव भी देखने को मिला।

धनतेरस पर बाजारों में उमड़ी भीड़ ने दीपावली की रौनक को और बढ़ा दिया। देर शाम तक बाजार खरीदारों से गुलजार रहे और व्यापारियों में अच्छे कारोबार की उम्मीद दिखाई दी।

- **व्यापारियों ने भी ठाहकों को आकर्षित करने के लिए दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया**

अन्नकूट महोत्सव 10 को


- **11 नवम्बर को भाईदूज का पर्व धूमधाम से मनाया**

निवाई। दीपावली पर्व को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। वहीं बाजार में दुकानें ईलेक्ट्रिक स्वचालित रंगीन लाइटों से सज गई हैं। दीपावली के पांच दिवसीय पावन त्यौहार को लेकर 8 नवम्बर को महालक्ष्मी पूजन, दीपावली, 9 नवम्बर को सोमवती अमावस्या, 10 नवम्बर को अन्नकूट व गोवर्धन पूजा व 11 नवम्बर को भाईदूज का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा।

त्यौहार को लेकर लोगों में भारी उत्साह बना हुआ है। दीपावली के त्यौहार को लेकर लोग वॉट्स ऐप, ई-मेल, मोबाईल मेसेज, फेसबुक एवं सोशल नेटवर्किंग साईट के माध्यम से बधाईयां भेज रहे हैं। लोग अपने घरों को रंग-रोगन व साफ सफाई करके सजाने में जुटे हुए हैं, वहीं व्यापारी भी अपने प्रतिष्ठानों की सजावट कर रहे हैं। दीपावली के त्यौहार को लेकर शहर में बडा बाजार, चौहट्टी बाजार, जूते चप्पल, मिट्टी के ढीबे, मांगलिक कलश, रंग-रोंगन व पटाखों की दुकानों पर भीड़ रहने लगी है।

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूखंड संख्या एक 70 - ए, सुन्दर मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर में अपने पिता स्व. श्री लल्लू राम जी बालोदिया से विरासत में प्राप्त अपने समस्त हक, हित व अधिकार श्रीमती भंवरी देवी पत्नी स्व. श्री श्याम कुमार मामोडिया ने अपने भाई श्री कैलाश कुमार बालोदिया के हक व हित में त्याग दिये थे तथा इस सम्बंध में एक हकत्याग पत्र दिनांक 07.09.2015 को निष्पादित कर नोटरी पब्लिक से तस्दीक करा लिया था। उक्त सम्पत्ति मेरी अभिभाष्या श्रीमती सीता मुकुट पत्नी श्री दामोदर मुकुट द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र द्वारा खरीद कर ली गई तथा उक्त हकत्याग पत्र का कमी मुद्रांक शुल्क उपपंजीयक जयपुर द्वितीय के कार्यालय मे दिनांक 09.10.2026 को जमा कराया जा चुका है। मेरी अभिभाष्या द्वारा जयपुर विकास प्राधिकरण कार्यालय मे उक्त भूखंड संख्या एक - 70ए का नाम हस्तांतरण अपने नाम कराये जाने की कार्यवाही की जा रही है। इस संदर्भ में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो उक्त सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के अन्दर मय दस्तावेज अपनी लिखित आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत कर देवें अन्यथा तत्पश्चात किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी तथा मेरी अभिभाष्या के हितो के मुकाबले शून्य होगी। अतः सूचित रहे।
दिनांक 07.11.2026 (दिनेश कुमार शर्मा) एडवोकेट, डी-15, जमना नगर, सोडाला, अजमेर रोड़, जयपुर मोबाईल न. 9828510575

नम्बर मिलाइए
8890333139



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

नाम परिवर्तन

मै आर्मी न. 16019560K हवलदार नवल सिंह नरुका यूनिट 17 राजरिफ़ (सवाईमान) है। मेरे सैन्य दस्तावेज मे मेरे पिताजी का नाम नेपाल सिंह नरुका (Nepal Singh Naruka) और जन्मतिथि 06-05-1966 दर्ज है जो की गलत है। मेरे पिताजी का सही नाम नेपाल सिंह (Nepal Singh) और जन्मतिथि 01-01-1963 है जो की सही एवं सत्य है।

I, DAMBURU DHARA SABAR father of No. 8037504H NK(GD) Mrutyunjaya Sabar R/o Vill: No- S Mukundapur, Po: Bhramarpur, Teh: Digapahandi, PS: K Nuagam, Dist: Ganjam, State: Odisha, PIN: 761209 I have changed my name from DAMBAR DHAR SABAR to DAMBURU DHARA SABAR Vide affidavit No. 84AA899621 Date 7/11/2026 (Odisha)